तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 20 मई 2025

11 इस बार एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के साथ मनेगा योग दिवस



12 ईआरवी, पीसीआर व राइडर पर तैनात जवानों को निर्देश, सराहनीय कार्य करने पर बीस पुलिसकर्मियों को मिला सम्मान



पॉलिटेक्निक करें नौकरी पाएं
सीटें सीमित
ADMISSION OPEN
For Session 2025-26
AIT KANINA PHARMACY COLLEGE
Approved by : AICTE & PCI, New Delhi
DIPLOMA IN PHARMACY
2 YEARS COURSE
Eligibility : 10+2 Pass (Medical & Non-Medical)
पता : AIT Pharmacy College गाहड़ा रोड, कनीना Mob. : 9992696300, 9466464921, 9467543958



### खबर संक्षेप

### वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज

**कुंड।** पुलिस चौकी के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने जैसलमेर नेशनल हाइवे पर गलत लेन में वाहन चला रहे एक चालक को काबू किया है। पुलिस के अनुसार राजस्थान के काठूवास निवासी पवन अपनी गाड़ी को नारनौल की ओर से गलत लेन में ला रहा था। इससे सड़क पर हादसे की आशंका बनी हुई थी। यातायात भी इससे बाधित हो रहा था। पुलिस ने उसे रुकवाकर गाड़ी को इंपाउंड करते हुए पवन को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। पुलिस की चेकिंग के दौरान कई अन्य वाहन भी पकड़े गए हैं।

### मालिक की स्कूटी लेकर हुए फरार

**रेवाड़ी।** मोहल्ला बास सिताबराय में एक दुकान पर काम करने वाले दो युवक मालिक की स्कूटी लेकर फरार हो गए। पुलिस शिकायत में धीरज शर्मा ने बताया कि उसकी बास सिताबराय में दुकान पर है। दुकान पर काम करने के लिए उसने शिवम व सोमेश को रखा हुआ था। शाम के समय दोनों उसकी स्कूटी लेकर फरार हो गए। उसने दोनों से संपर्क करने का प्रयास किया, परंतु संपर्क नहीं हो सका। सिटी पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद दोनों आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### ट्रैफिक नियम तोड़ने पर चालक गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने कुंड बैरियर के पास तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए नियमों की पालना नहीं करने पर एक ट्रॉला चालक को काबू किया है। पुलिस के अनुसार एक ट्रॉला चालक नारनौल की ओर से गलत लेन में तेज रफ्तार से ट्रॉला चलाकर बैरियर की ओर आ रहा था। इससे सड़क हादसे की आशंका बनी हुई थी। ट्रॉला रुकवाने के बाद पुलिस ने चालक यूपी को औछा निवासी सतेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। ट्रॉला कब्जे में लेने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** गत वर्ष बालधन खुर्द में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मारपीट में घयाल व्यक्ति ने पुलिस बयान में गांव के कविंद्र पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने उसके बयान पर गत वर्ष 17 मई को केस दर्ज किया था। इसके बाद से ही आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहा था। पुलिस ने कविंद्र को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### तेल लेकर बिना पैसे दिए फरार हुआ आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** गत 8 जनवरी को गोठड़ा के पास एक पेट्रोल पंप पर गाड़ी की टंकी फुल करार फरार हुए दो आरोपियों में से एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद भोंडसी जेल भेजने के आदेश दिए गए। पुलिस शिकायत में पेट्रोल पंप के सेल्समैन गोठड़ा टप्पा खोरी निवासी योगेंद्र ने बताया था कि पंप पर एक सफेद रंग की कार आई थी, जिसमें दो युवक सवार थे। दोनों ने उसे पेट्रोल की टंकी फुल करने के कहा। गाड़ी में 4500 रुपये का पेट्रोल डाल दिया था। जब वह पाइप मशीन पर रखने लगा, तो दोनों युवक बिना पैसे दिए कार लेकर फरार हो गए।

## डीसी ने किसी तरह की अनुमति नहीं होने की बात कही

# ड्रोन उड़ाने पर एक्शन के नाम पर जांच, केस दर्ज कराने से बच रहा प्रशासन, शिकायत मिलने का इंतजार

■ गैर जमानती अपराध पर केस दर्ज कराने से पहले जांच जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

डीसी की ओर से पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद जारी किए गए ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी के आदेशों की 'मेगा सफाई अभियान' दौरान खुलकर धज्जियां उड़ीं। रोक के बावजूद आसमान में उड़ते हुए ड्रोन को पुलिसकर्मियों सहित सैकड़ों लोगों ने उड़ते हुए देखा, परंतु प्रशासन की ओर से इस दिशा में कोई एक्शन लेने की बजाय लीपापोती तक सीमित है। डीसी ने सपष्ट किया कि ड्रोन उड़ाने के लिए किसी को अनुमति नहीं दी गई थी। इसके बावजूद मामला उनकी जानकारी में आया है। गैर जमानती अपराध होने के कारण केस दर्ज कराने से पहले जांच कराना जरूरी है। मेगा सफाई अभियान की भीड़ भरी तस्वीरें प्रसारित कराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। जिस समय आसमान में ड्रोन उड़ रहा था, उस समय जागरूक लोगों ने आपत्ति भी दर्ज कराई। सूत्रों के अनुसार आयोजन में शामिल कुछ लोगों ने आमजन को भ्रमित करते हुए कहा कि एसडीएम से ड्रोन उड़ाने की अनुमति ली गई है। मामला जब सिटी पुलिस की जानकारी में आया तो मौके पर मौजूद एसएचओ रतनलाल ने भी ड्रोन हटवाने के निर्देश दिए। इसके बाद ड्रोन को आसमान से उतार लिया गया। पाबंदी के बावजूद ड्रोन उड़ाने का मामला पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गया। सोमवार को मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए डीसी ने कहा कि ड्रोन उड़ाने पर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन दोनों की ओर से रोक लगाई हुई है। एसडीएम की ओर से किसी को ड्रोन उड़ाने की कोई अनुमति नहीं दी गई। रोक के बावजूद ड्रोन उड़ाना अपराध की श्रेणी में आता है। गैर जमानती अपराध में केस दर्ज कराने से पहले जांच कराना जरूरी है, इसलिए इस मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद ही ड्रोन उड़ाने व फोटोग्राफी कराने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रविवार को एक ओर जहां मेगा सफाई अभियान का ढिंढौरा पीटने के लिए बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने की हिम्मत दिखाई तो गई, तो दूसरी ओर शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा में फोटोग्राफी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल नहीं किया गया। सूत्रों के अनुसार कार्यक्रम के आयोजकों ने ड्रोन की अनुमति लेने के प्रयास किए थे, परंतु अधिकारियों ने इसकी अनुमति नहीं दी। इसके बाद केंद्रीय मंत्री की तिरंगा यात्रा में ड्रोन उड़ाने का निर्णय टाल दिया गया।



हरिभूमि

मेगा सफाई अभियान में उड़ी सुरक्षा की धज्जियां
फोटोग्राफी कराने के लिए उड़ाया गया ड्रोन





रेवाड़ी। 19 मई को हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित ड्रोन उड़ाने का समाचार, पत्रकारों से बात करते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो :हरिभूमि

### नहीं मिली अभी तक लिखित शिकायत

*राज्य सरकार और प्रशासन ने ड्रोन उड़ाने पर रोक लगाई हुई है। कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। नॉन बेलेबल ऑफेंस होने के कारण जांच कराई जाएगी। इसके बाद कोर्ट की अनुमति लेकर केस दर्ज कराया जाएगा।*

*-अभिषेक मीणा, डीसी।*

### ऑपरेटर बन सकता है 'बलि का बकरा'

जानकार सूत्रों के अनुसार मामला सुरक्षा से जुड़ा हुआ होने के कारण प्रशासन को इस मामले में केस दर्ज कराने की कार्रवाई अमल में लानी पड़ सकती है। इसी आशंका को देखते हुए आयोजन ड्रोन से फोटोग्राफी कराने की बात से ही पल्ला झाड़ने में लगे हुए हैं। ऐसे में ड्रोन ऑपरेटर को ही बलि का बकरा बनाया जा सकता है। मामले को रफा-दफा कराने के लिए पूरा दबाव बनाने की कवायद की जा रही है, जिसमें कुछ जूनियर अफसर भी नंबर बना रहे हैं।

### पूर्व विधायक ने उठाई कार्रवाई की मांग



चिरंजीव राव

पूर्व विधायक व कांग्रेसी नेता चिरंजीव राव ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि पाक के साथ तनावपूर्ण हालात बनने के बाद 10 मई ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण पाबंदी लगाई गई थी। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने ड्रोन उड़वाकर नियमों की खुली उल्लंघना की है। उन्होंने कहा कि कोई दुश्मन भी ड्रोन उड़ाकर जासूसी कर सकता है। ऐसे में विधायक को गैर जिम्मेदाराना हरकत पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। पूर्व विधायक ने प्रशासन से भी इस मामले में बिना किसी दबाव के कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## 1.25 लाख की ठगी करने के मामले में एक आरोपी काबू

■ कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

फरवरी माह में बल्लूवाड़ा निवासी एक व्यक्ति का दोस्त बनकर 1.25 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में साइबर थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गत 14 फरवरी को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में पुल वाली हवेली बल्लूवाड़ा निवासी भवानी शंकर ने बताया था कि उसका दोस्त अमित दुबई में रहता है। अमित के फोटो लगे फेसबुक मैसेंजर से एक मैसेज आया था। मैसेज में लिखा था कि उसके वीजा में दिक्कत आ रही है। वह उसके पास एजेंट का खाता नंबर भेज रहा है। साथ ही वह उसके खाते में पैसे ट्रांसफर कर रहा है। इसके बाद एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंक कर्मचारी बताते हुए कहा कि उसकी खाते में 1.25 लाख रुपये आए हैं, जो एक दिन बाद खाते में शो करेंगे। उसे विश्वास हो गया कि अमित ने उसके खाते में पैसे भेज दिए हैं। उसने इसके बाद बताए गए खाता नंबरों पर 1.25 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उसके खाते में कोई पैसा नहीं आया, तो उसे ठगा का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में एमपी के श्याम नगर भोपाल निवासी अतीक को गिरफ्तार कर लिया। अतीक के खाते में ही 1.25 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## पुलिस के समांतर चोरों का 'आक्रमण', एक ही रात में 14 ट्यूबवेल पर चोरी

**रेवाड़ी।** एक ओर जहां अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस हर माह ऑपरेशन 'आक्रमण' को अंजाम दे रही है, तो दूसरी ओर किसानों पर चोरों का 'आक्रमण' भी लगातार जारी है। ट्यूबवेलों से बिजली की केबल चोरी होने की वारदात लगातार हो रही हैं, परंतु पुलिस चोर गिरोह को नहीं पकड़ पा रही है। गोठड़ा गांव में चोर एक ही रात में 14 किसानों की बिजली केबल काट ले गए। थाना खोल पुलिस को दर्ज शिकायत में गोठड़ा निवासी विजेंद्र ने बताया कि वह सुबह के समय खेत में गया तो उसके नलकूप की मोटर की केबल गायब मिली। चोर उसकी केबले चोरी कर ले गए। उसने आसपास पूछताछ की तो पता चला कि चोर उसके पड़ोसियों परमात्मा शरण, जितेन्द्र, मामचन्द, वेदप्रकाश, सतबीर, देवेन्द्र, योगेश, नीरज, किशोरीलाल, विजय, सुरेन्द्र व दलीप के कुओं की मोटर की केबल भी चोरी कर ले गए। चोरी की गई केबलों की कीमत लगभग 60 हजार रुपये बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### पहले भी हो चुकी गांव में वारदात

शिकायतकर्ता विजेंद्र ने बताया कि इससे पूर्व भी चोर कई किसानों के नलकूपों से बिजली की केबलें चोरी कर चुके हैं। पुलिस चोरी के केस भी दर्ज करती है, परंतु चोरों का पता नहीं लगा पा रही है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। मौका मिलते ही चोर नलकूपों पर केबल चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों का यह भी मानना है कि नशा करने वाले लोग वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

## हांसाका के पास कंपनी की बस से टकराई कार, व्यक्ति की मौत, महिला व बच्चा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

दिल्ली रोड स्थित गांव हांसाका के पास सोमवार दोपहर बाद एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार सामने से आ रही प्राइवेट कंपनी की बस से टकरा गई। हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां और बच्चा घायल हो गए। घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सोमवार को गुरुग्राम जिले के गांव पथरेड़ी निवासी 32 वर्षीय कपिल अपनी पत्नी और बच्चे के साथ कार से रेवाड़ी में किसी काम से आया हुआ था। सूत्रों के अनुसार दोपहर बाद वापस लौटते समय दिल्ली रोड पर उसकी कार के पीछे फाइनेंस कंपनी के लिए रिकवरी करने वाले कुछ लोगों ने कार दौड़ा दी, जिससे कपिल ने भी अपनी कार को भगा लिया। जैसे ही वह हांसाका गांव के बस स्टैंड पर पहुंचा तो सामने से एक प्राइवेट कंपनी की बस से उसकी कार टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कपिल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां व बच्चा घायल हो गया। प्राइवेट बस राजस्थान के टपूकड़ा से कंपनी के स्टाफ को लेकर गांव बेरली खुर्द जा रही थी। हादसे के बाद बस में सवार लोगों ने घायलों को एंबुलैंस की मदद से तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।



रेवाड़ी। सड़क हादसे के बाद मौके पर मौजूद पुलिस व लोग। फोटो :हरिभूमि

### 46.50 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** रामपुरा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजे के साथ एक आरोपी मोहल्ला कुतुबपुर निवासी सतीश कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 46.50 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। गत 18 मई को पुलिस को सूचना मिली थी की आरोपी मोहल्ला कुतुबपुर के देव नगर जोहड़ के पास एक युवक गांजा बेच रहा है। पुलिस ने आरोपी को गांजे सहित काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना रामपुरा में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### बस में महिला के लाखों रुपये के जेवरात चोरी मौके पर ही दबोची आरोपी महिला

**रेवाड़ी।** बस में अटेली से रेवाड़ी आ रही एक महिला के लाखों रुपये के जेवरात बगल में बैठी दूसरी महिला ने चोरी कर लिए। पता चलते ही महिला ने दूसरी महिला को पकड़ लिया। अपने पति को बुलाकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी महिला के बैग से चोरी के आभूषण बरामद होने के बाद उसके खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया। उसे मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। परसुराम कॉलोनी निवासी आरती सोमवार दोपहर अपनी बुआ के गांव अटेली से बस में रेवाड़ी आ रही थी। बस में उसकी सीट पर बगल में एक महिला छोटी बच्ची के साथ बैठी थी। महिला ने अपना बैग आरती के बैग पर रख लिया। नाईवाली चौक के पास आरती ने अपना बैग चेक किया तो उससे चार सोने की चूड़ियां व चार सोने की अंगूठियां गायब मिलीं। आरती को साइड में बैठी महिला पर संदेह हो गया। उसने नाईवाली चौक पर ही महिला को बस से उतारकर अपने पति को फोन किया। उसके पति पवन कुमार ने चौक पर आकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची के साथ पकड़ी महिला का बैग चेक किया तो उससे आभूषण बरामद हो गए। महिला ने पूछताछ के दौरान अपना नाम पलवल के पेंगलटु होटल निवासी नेहा बताया।

## लू के थपेड़ों का लगातार करना पड़ रहा सामना, कल से तापमान में कमी आने की उम्मीद

# तापमान में दूसरे दिन भी मामूली गिरावट, भारी गर्मी से नहीं मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

तापमान में दूसरे दिन भी मामूली गिरावट के बावजूद भारी गर्मी के प्रकोप में कोई कमी नहीं आई। दिन भर लोगों को लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ा। शाम तक सड़क से लेकर बाजार तक लोगों व वाहनों की भीड़ गायब रही। हवा में नमी के कारण उमस भी जमकर परेशान कर रही है। बुधवार को तापमान में ज्यादा गिरावट आने व लू के प्रकोप से राहत मिलने की संभावना जताई जा रही है। सोमवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। तेज धूप के कारण दोपहर तक 15 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गर्म हवाएं चलती रहीं। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस गिरकर 44.0 डिग्री पर आ गया। दो दिन पहले तापमान 45.6 डिग्री पर पहुंच गया था। इसके बाद लगातार इसमें गिरावट आ रही है। रात का तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 24.5 डिग्री पर पहुंच गया। इससे रात के समय भी लू का प्रकोप बना रहा। हवा में नमी का स्तर 36 फीसदी तक होने के कारण दोपहर के समय वातावरण में उमस भी बन गई, जिससे कूलर की हवा चिपचिपी होनी शुरू हो गई। हवा में नमी रविवार को आसमान में बादल छाने से बढ़ी है। गर्मी का प्रकोप इस कदर बढ़ा हुआ है कि शाम तक लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। दुकानदार कूलर और एसी की हवा में आराम फरमाते हैं।

बाजार से शाम तक चहल-पहल गायब रहती है। मौसम विभाग के अनुसार कमजोर विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल सकता है। आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी भी हो सकती है। 21 मई से तापमान में गिरावट आ सकती है, जिससे हीटवेव के प्रकोप में कमी आ सकती है।



रेवाड़ी। सोमवार को धूप से बचाव करती सरकुलर रोड से गुजरती महिलाएं।

### लगातार बढ़ रही बिजली की खपत

भारी गर्मी के कारण कूलर और एसी का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली की खपत भी लगातार बढ़ रही है। डिमांड बढ़ने के कारण बिजली का लोड बढ़ रहा है, जिस कारण जगमग योजना के फीडरों पर भी पीक अवर्स में आधे घंटे तक के कट लगाए जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र में ओवरलोड फीडर ट्रिप करने के से लोगों को बार-बार कटों की मार झेलनी पड़ रही है। रविवार शाम तक जिले में बिजली की खपत 82.51 लाख यूनिट दर्ज की गई थी। इसमें घरेलू बिजली की खपत लगभग 2 लाख यूनिट बढ़कर 22.90 लाख यूनिट पर पहुंच गई।

### बीस रुपये तक महंगा नारियल पानी

गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही बाजार में शीतल पेय की डिमांड में तेजी से वृद्धि हुई है। आइसक्रीम से लेकर दूसरे शीतल खाद्य पदार्थों की बिक्री में भी इजाफा हुआ है। गन्ने की जूस की दुकानों पर सुबह-शाम लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली रही है, जबकि नींबू शिकंजी की दुकानें भी गर्मी के कारण गुलजार नजर आ रही हैं। पानी के नारियल के दाम 20 रुपये तक बढ़ गए हैं। नारियल पानी 80 रुपये तक में बिक रहा है। शीतल पेय की दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे ऐसे दुकानदारों के चेहरे खिले हुए नजर आने लगे हैं।

हरिभूमि
सहेली



हर कोई जीवन में सफलता चाहता है, नित्य सफलता की नई-नई ऊंचाइयां छूना चाहता है। इसके लिए सबसे जरूरी है आपका कॉन्फिडेंस लेवल स्ट्रॉन्ग हो। यह तभी संभव है, जब हम इसके लिए कॉन्शस रहेंगे, बड़े नहीं पहले छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करेंगे। इन्हें पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे, खुद को तो मोटिवेट करेंगे ही, दूसरों को भी मोटिवेट करेंगे।

# सफलता की कुंजी सेल्फ-कॉन्फिडेंस

कवर स्टोरी

घनश्याम बादल

सही कहा गया है, 'इंसान तब नहीं हारता जब वह हार जाता है, वह तब हारता है, जब वह हार मान लेता है।' यदि इस बात को गहराई से समझा जाए तो स्पष्ट रूप से समझ में आ जाता है कि इंसान की हार तभी होती है, जब उसका कॉन्फिडेंस यानी आत्मविश्वास डगमगा जाता है। यह एक वास्तविकता है, इंसान की सक्सेस में उसके कॉन्फिडेंस का बहुत बड़ा रोल होता है। कॉन्फिडेंस की ताकत हमें लाइफ में कड़े से कड़े चैलेंज का सामना करने और सक्सेस की ओर बढ़ने में मदद करती है। कई बार ऐसी परिस्थितियां आ जाती हैं कि व्यक्ति अपना कॉन्फिडेंस खो बैठता है। आसान-सी परिस्थितियों को बहुत मुश्किल समझ कर खुद को 'स्ट्रेस' में डाल लेता है। इसीलिए इस बात का जानना बहुत जरूरी है कि हम अपना कॉन्फिडेंस कैसे बनाए रखें, इसे कैसे बढ़ाएं भी?



**जरूरी है मन में दृढ़ संकल्प:** कॉन्फिडेंस बढ़ाने के लिए सबसे पहले अपने सोचने का तरीका और आदतें बदलना बहुत जरूरी है। साथ ही साथ मन में एक दृढ़ संकल्प का होना भी जरूरी है कि हमें यह काम करना ही है, हर हाल में सक्सेस हासिल करनी ही है। साथ ही 'भले ही मैं हार जाऊं, लेकिन हार नहीं मानूंगी' का भाव भी हमारे भीतर बना रहना चाहिए।

**स्वयं को पहचानें और स्वीकारें:** आत्मविश्वास प्राप्त करने का पहला तरीका है कि खुद जैसी हैं, वैसा ही स्वीकार करें। इसी के साथ निरंतर अपनी क्षमताओं को निखारने का प्रयास करें। आत्मचिंतन करें और अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक बनाए रखें।

**नेगेटिविटी से बचें:** नेगेटिविटी हमें नाकामयाबी की ओर ले जाती है। दूसरे की सक्सेस हमारे भीतर ईर्ष्या पैदा करती है, इसलिए नेगेटिव थिंकिंग से बचें और अपनी उपलब्धियों पर ध्यान दें। अपने बारे में पॉजिटिव बातें सोचें, ऐसे लोगों के साथ रहें, जो पॉजिटिव सोच रखते हैं, हमें इंस्पायर करते हैं।

**कुछ नया सीखें:** यदि आप चाहती हैं कि आपका कॉन्फिडेंस हमेशा बना रहे तो खुद को अपडेट रखें। नई-नई स्किल्स सीखें, अपने प्रोफेशन से जुड़ी बुक्स पढ़ें और अपना स्किल डेवलप करती रहें। किसी भी फील्ड में महारत हासिल करना आपके कॉन्फिडेंस को बढ़ाने में मदद करता है। कभी भी नए काम, नया लक्ष्य, नई तकनीक से डरे नहीं, इसे आगे बढ़कर अपनाएं। यह प्रवृत्ति आपको सफलता की राह पर आगे बढ़ाती रहेगी।

**असफलता से डरें नहीं:** जीवन में सफलता के साथ असफलताएं भी मिलती हैं। असफलताओं से कभी डरें नहीं, इन्हें सीखने का अवसर समझें, मतलब गलतियों से सीखें और अगली बार बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करें। हर छोटी से छोटी सफलता को सेलिब्रेट करें, इससे आपका मनोबल बढ़ेगा।

**मोटिवेशनल बनें:** जीवन में मोटिवेशन यानी अभिप्रेरणा का बहुत बड़ा रोल होता है। अच्छे कामों के लिए स्वयं को तो मोटिवेट करें ही, साथ ही अपने साथियों को भी इसके लिए मोटिवेट करें। मोटिवेशनल बुक्स पढ़ें, वीडियो देखें और पॉडकास्ट सुनें। अपने रोल मॉडल की पर्सनालिटी से इंस्पायर हों।

### बॉडी लैंग्वेज भी है इंपॉर्टेंट

आपका कॉन्फिडेंस केवल आपके काम में ही नहीं, आपके हाव-भाव में भी दिखना



चाहिए। इसलिए किसी से मिलते, बात करते समय अपनी बॉडी लैंग्वेज का ध्यान रखें, सही मुद्राएं अपनाएं, सामने वाले से आंखों से आंखें मिलाकर बात करें, अच्छा हो चेहरे पर मुस्कान भी हो। सबसे बड़ी बात समस्याओं से भाग कर नहीं, उनका सामना करके, उनका हल निकालने की सकारात्मक सोच रखें। इससे आपकी सभी समस्याओं का हल अवश्य निकलेगा।

**कभी दूसरों से तुलना न करें:** जीवन में कॉन्फिडेंस के डगमगाने की एक बड़ी वजह यह भी होती है, दूसरों के साथ अपनी तुलना। इस बात को समझें कि आपकी अपनी एक अलग पर्सनालिटी है, गुण-अवगुण हैं। इसलिए अपनी तुलना कभी दूसरों से न करें। अपनी प्रोग्रेस पर ध्यान दें, इसमें लगातार सुधार करती रहें। हर व्यक्ति की अपनी विशेषताएं होती हैं, आप भी अपनी विशेषताओं को पहचानकर उन्हें निखारें, अपने करियर को नई ऊंचाई दें।

**स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं:** मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का प्रभाव हमारे आत्मविश्वास पर गहरे रूप से पड़ता है। इसलिए आत्मविश्वास के लिए जरूरी है कि हम मानसिक-शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नियमित व्यायाम करें, इससे मानसिक मजबूती भी बढ़ती है, साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ता है। सही खान-पान अपनाएं और पर्याप्त नींद लें। मानसिक स्वास्थ्य के लिए चित्त को शांत रखें। नित्य ध्यान-योग करें, इससे मानसिक शांति मिलेगी।

**बनाएं छोटे-छोटे लक्ष्य:** हमेशा आत्मविश्वास से भरी रहें, इसके लिए अच्छा यही है कि आप लंबे-लंबे लक्ष्य निर्धारित न करके छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं और इन्हें पूरा करने की आदत बनाएं। हर पूरा हुआ लक्ष्य आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगा। छोटे-छोटे लक्ष्य के बाद धीरे-धीरे बड़े लक्ष्यों की ओर बढ़ें। आप जरूर सफल होंगी।

**खुद को दें चैलेंज:** कभी भी नए एक्सपीरियंस लेने से घबराएं नहीं। अपने डर का मुकाबला करें, इनसे सीखें। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि



जीवन में जितने डर होते हैं, उनमें से केवल एक या दो प्रतिशत ही सही निकलते हैं, इसलिए कभी डरिए नहीं। डर की वजह से खुद को सीमाओं में न बांधें, निरंतर नए अवसरों की तलाश में रहें। यह सोच आपको सफलता के शिखर पर पहुंचाएगी।

# जीत का जश्न मनाएं हार से उबरना सिखाएं

यह सच है कि जीवन में हार-जीत लगी रहती है। लेकिन कुछ पैरेंट्स अपने बच्चे से हमेशा जीतने, फर्स्ट आने की ही उम्मीद करते हैं, हारने पर उसे ताने देते हैं। इससे बच्चे का मनोबल टूटता है। बच्चे को जीत-हार का महत्व समझाने के लिए जरूरी है कि जिस तरह उसकी जीत का जश्न मनाया जाए, उसी तरह उसे हार से उबरना भी सिखाया जाए।

बच्चे और आप

नीलम अरोड़ा



अधिकतर पैरेंट्स, अपने बच्चे की सफलता पर जितनी सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हैं, उसकी असफलता पर वे बहुत निराश हो जाते हैं। इसका बच्चों की मानसिकता पर बहुत गहरा असर पड़ता है। अगर आप जीतने पर बच्चों को जश्न मनाना, और अपनी खुशी दूसरों के साथ बांटना सिखाते हैं तो हार का सामना करना और उससे उबरना भी सिखाना होगा। आपको समझना होगा कि हम सभी प्रयास करने के बाद भी जीवन के किसी न किसी क्षेत्र में पीछे रह ही जाते हैं। ऑफिस में भी हम हर काम को अच्छे से परफॉर्म नहीं कर पाते। लेकिन इसका मतलब यह नहीं होता कि हम हिम्मत हारकर बैठ जाते हैं, जैसे हम जिंदगी की असफलताओं से दिन-रात जूझते हैं, ठीक उसी तरह हमें अपने बच्चों को भी फेल होता देखकर न तो स्वयं निराश होना चाहिए, न ही उन्हें निराश होने देना चाहिए। पैरेंट्स होने के नाते हमें बच्चों को बताना चाहिए कि हारना ही हम सबको जीतना सिखाती है। बच्चों को हार से उबारने और उनसे पार पाने के लिए हम आपको बता रहें हैं कुछ खास बातें, जिन्हें आपके लिए जानना जरूरी है।



**सभी बच्चे एक जैसे नहीं होते:** अगर आपका बच्चा किसी कठिन कार्य को जल्दी सीख नहीं पाता, तो इसके लिए उसे दोष नहीं देना चाहिए। क्योंकि हर बच्चे की प्रतिभा अलग-अलग होती है। हो सकता है आपका बच्चा खेल में अच्छा हो और पढ़ाई में औसत। इस बात को जब आप स्वयं स्वीकार करेंगे, तभी तो बच्चे को समझा पाएंगे। जहां उसकी प्रतिभा छुपी है, उसे उसी रास्ते पर आगे बढ़ने में मदद करें।

**हारने-जीतने पर दें सही प्रतिक्रिया:** कई पैरेंट्स जब अपने बच्चों के साथ घर में खेलते हैं तो उसकी खुशी के लिए, जानबूझकर हर बार हारते हैं। ऐसा करना गलत है, बच्चे को जीतने के साथ ही हार का सामना करना भी आना चाहिए। इसलिए जब आप बच्चे के साथ खेलें तो जानबूझकर उससे न हारें। अगर वो हार रहा है तो हारने के समय हौसला कैसे बनाए रखना है, इसकी प्रैक्टिस भी बतौर पैरेंट्स आपको जरूर करानी चाहिए। जिस तरह बच्चे के जीतने पर आप उसे खूब बधाई देती हैं, उसे सीने से लगा लेती हैं, क्या हारने पर उससे कुछ नहीं कहतीं? उसका हौसला बढ़ाने के लिए, उसे फिर से प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करती हैं? अगर आप इस तरह की प्रतिक्रिया देती हैं तो इसका बच्चे के मन पर सीधा असर होता है। इसलिए बच्चे के हारने या जीतने पर आपको कैसी प्रतिक्रिया देनी है, यह बात आपको जरूर समझनी चाहिए।

**बच्चे को सपोर्ट करें:** अगर बच्चे किसी भी प्रतिस्पर्धा या किसी खेल में जीत हासिल करने की ठान लेते हैं तो वे अपना जी जान लगा देते हैं। लेकिन जीतना एक कला है। जीतने के लिए योजना बनानी पड़ती है। ठीक उसी तरह, जैसे परीक्षा में अच्छे नंबर लाने के लिए एक टाइम टेबल बनाकर लगातार मेहनत करनी होती है। जिस तरह पढ़ाई में अच्छे मार्क्स लाने के लिए आप बच्चे को गाइड करती हैं, उसकी हेल्प करती हैं। उसी तरह किसी भी कार्य में अच्छा प्रदर्शन करने या जीतने की उसकी योजना को सफल बनाने में भी आपका बहुत बड़ा रोल हो सकता है। इसलिए जितना अधिक संभव हो बच्चे को सपोर्ट करें।

**हार से निकलती है जीत की राह:** अगर आपका बच्चा किसी प्रतियोगिता में असफल रह जाए तो उसे उलाहना देने या दोष देने के बजाए, उसे हिम्मत दें। अगर बच्चा अपनी हार पर अफसोस जताए और कई दिनों तक हार के कारण अवसाद में रहे तो उसे समझाएं कि हार, सफलता की सीढ़ी पर चढ़ने का एक रास्ता है। उसे अगली बार ज्यादा तैयारी करने और निश्चित रूप से जीत हासिल करने के लिए प्रेरित करें। बच्चे को समझाएं कि इंसान कोशिश करता है, असफल होता है और फिर से कोशिश करता है।

मैरीड लाइफ

संध्या सिंह

शायद ही कोई ऐसे पत्नी-पत्नी हों, जिनके बीच तकरार न होती हो। तकरार के कारणों का लंबे समय तक बना रहना, दांपत्य जीवन के लिए घातक है। दंपती टकराहट से बचकर आपसी सामंजस्य और सौहार्द से सुखी दांपत्य जीवन की राह पर आएं। ऐसा करना कठिन नहीं है।

# कहीं आप हमेशा तकरार के अंदाज में तो नहीं रहते

पति-पत्नी के रिश्ते में अकसर तकरार होती ही रहती है। कोई भी नई-नवेली दुल्हन जब ससुराल में कदम रखती है तो उसे यहां आकर अपने सास-ससुर, देवर-देवरानी, ननद, जेठ-जेठानी और उनके बच्चों से अपने रिश्ते निभाने पड़ते हैं। साथ ही उसे अच्छी, सर्वगुण संपन्न सुशील बहू का भी रोल निभाना पड़ता है। घर-परिवार में पति-पत्नी के अलावा घर के दूसरे सदस्यों से भी कहा-सुनी हो ही जाती है, इसका इन रिश्तों पर जहां बुरे प्रभाव पड़ते हैं, पति के साथ भी तकरार, कलह-तनाव का कारण बनती है। लेकिन समझदार दंपती अपने दांपत्य को मधुर बनाए रखने के लिए सामंजस्य बैठाकर चलते हैं।




**पति के माता-पिता को लेकर गुस्सा न करें:** अकसर पति-पत्नी के बीच कलह का कारण पति द्वारा अपने माता-पिता को प्रेम और सम्मान देना होता है। कई पत्नियां ऐसी होती हैं, जिन्हें यह बात गले नहीं उतरती कि उनका पति अपने माता-पिता की सारी ख्वाहिशों को पूरा करे। अगर पति अपने माता-पिता पर खर्च करे, ऐसे में पत्नी कुछ ऐसी स्थितियां पैदा करती है कि दोनों के बीच उन्हें लेकर तकरार हो ही जाती है। पत्नी को समझना चाहिए कि पति पर उसके माता-पिता का अधिकार, पत्नी से भी कहीं ज्यादा है। माता-पिता ही उसकी जन्म से परवरिश करते हैं, दुनिया से रूबरू कराते हैं, निश्चित ही वे प्रेम और आदर के अधिकारी हैं। ऐसे में पति द्वारा अपने माता-पिता पर ध्यान देने पर पत्नी को कलह नहीं करनी चाहिए।

**ओवर रिएक्ट करने से बचें:** अकसर पत्नियां घर में सास-ससुर, ननद, जेठ-जेठानी की बातों और तानों को सुनकर गुस्से से जवाब देती हैं। इससे कई बार लड़ाई की नौबत भी आ जाती है। उनकी बातों पर ओवररिएक्ट करने के बजाय जहां बातें हो रही हों, वहां से उठकर चली जाएं। कहते हैं न, जहां दो बर्तन होते हैं, वो एक-दूसरे से टकराते ही हैं। तो ये रिश्ते भी ऐसे होते हैं, जिनमें थोड़ी बहुत तकरार चलती है। आपके रिश्तों में मधुरता बनी रहे, इसलिए कुछ मामलों में चुप्पी साधना ही बेहतर है।

**सही समय पर करें शिकायत:** पति के मूड को देखकर सोच-समझकर बोलना चाहिए। पति के ऑफिस से लेट आने, दोस्तों के साथ इधर-उधर घूमने के कारण भी कुछ पत्नियां कलह करती हैं। पत्नी को चाहिए कि वह भीतर से भले ही गुस्सा हो, लेकिन गुस्से को सही समय पर व्यक्त करे। अगर पति का मूड खराब है तो चुप रहना ही बेहतर है। उनका मूड जब सही हो जाए तो उनसे पूछ सकती हैं, 'कल इतनी देर तक कहां थे?' समझदार पति सच बता देते हैं। अगर झूठ भी बोलें तो उन्हें अगली बार सच बोलने का मौका तो दें। कहने का मतलब है कि उनके घर में घुसते ही उन पर फायर न हों।

**घर के कामों में पति का लें सहयोग:** जिन घरों में पत्नियां कामकाजी होती हैं, वहां काम की अधिकता अकसर पति-पत्नी के बीच कलह का कारण बन जाती है। कई पति, पत्नी का हाथ इसलिए भी नहीं बंटा पाते, क्योंकि वे जो कुछ भी करते हैं, उसमें कोई न कोई कमी पत्नी निकाल ही देती है। ऐसे में उन्हें लगता है, दूर रहने में ही भलाई है। कई पति तो घर के कामों को इसलिए नहीं करते, क्योंकि वे इसे अपनी प्रतिष्ठा के खिलाफ समझते हैं। ऐसे पतियों को समझना चाहिए, आज समय बदल चुका है। उन्हें पत्नी के कामों में हाथ बंटाना चाहिए।

**चुप रहना सिर्फ पत्नी नहीं, पति की भी जिम्मेदारी:** चुप रहना केवल पत्नी की ही जिम्मेदारी नहीं होती। कुछ मामलों में पति ही ज्यादा लड़ाई के लिए उकसाने वाले साबित होते हैं। कई मौकों पर पति को भी चुप्पी साधनी चाहिए। चुप्पी साधकर असलियत का पता लगाने के बाद ही पत्नी से इस बावत कोई बात करें। छोटी-छोटी गलतियों पर अपनी पत्नी को दूसरों के सामने बेइज्जत न करें, इसलिए खामोशी पत्नी या पति की हार नहीं बल्कि दोनो की जीत होती है।




केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# समर ट्रिप के दौरान करें स्किन की प्रॉपर केयर

समर वेकेशंस में बहुत-से लोग बाहर घूमने-फिरने का प्रोग्राम बनाते हैं। लेकिन घूमने के दौरान अगर आप अपनी स्किन प्रोटेक्शन को लेकर जरूरी सावधानी नहीं बरतेंगी तो कई प्रॉब्लम्स को फेस करना पड़ सकता है। हमारी स्किन को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है, सूर्य की किरणें।

**सनस्क्रीन:** ट्रैवलिंग के दौरान आप सनस्क्रीन लोशन अपने साथ जरूर रखें, क्योंकि यही आपकी स्किन को टैन होने से बचा सकती है। सूर्य की किरणों के संपर्क में रहने से स्किन में टैनिंग होने लगती है। इसलिए इस सीजन में जब भी आप बाहर धूप में जाएं तो जाने से 20 मिनट पहले चेहरे और शरीर के खुले हिस्सों पर सनस्क्रीन का यूज करें। अगर आप धूप में एक घंटा या ज्यादा



समय तक रहें तो सनस्क्रीन का दुबारा यूज करें। अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है तो सनबर्न से बचने के लिए आप 30 या ज्यादा एस.पी.एफ. वाला सनस्क्रीन यूज करें। इसके अलावा आप मॉयश्चराइजर, रिहाइड्रेंट क्लींजर, हैंड क्रीम और लिप बाम भी साथ रखना न भूलें।

**स्क्रबिंग:** ऑयली स्किन को चमकाने और छिद्रों को साफ करने के लिए स्क्रब का यूज भी इस दौरान करना चाहिए। सी बीच पर खारे पानी में एंज्वॉय करने के बाद चेहरे को ताजे साफ पानी से धोएं। जब भी आप वापस अपने होटल के कमरे में पहुंचें तो चेहरे पर ठंडे दूध की मालिश करके छोड़ दें। इससे सनबर्न के प्रभाव को रोकने में मदद मिलेगी फिर चेहरे पर मॉयश्चराइजर लगाएं।



**मास्क:** फेस स्किन के लिए 'पील ऑफ मास्क' भी उपयोगी साबित होगा। शहद को अंडे के सफेद भाग में मिलाकर इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट तक लगा रहने के बाद इसे ताजे पानी से धो डालिए। इससे त्वचा कोमल-चमकदार बनती है।

**बालों का रखें ध्यान:** समुद्री पानी में नहाने से आपके बाल उलझ सकते हैं। समुद्री पानी में नहाते समय सिर को कैप से ढंकने से बालों को सूर्य की गर्मी और खारे पानी के नुकसान से बचाया जा सकता है। समुद्र में नहाने से पहले अपने बालों को सामान्य ताजे पानी से अच्छी तरह धोएं। बालों के छिद्र खुले होते हैं और बालों को धोने के बाद समुद्र में नहाने से बालों को नुकसान नहीं होगा। समुद्री पानी में नहाने के बाद बालों को हल्के हर्बल शैंपू से धो डालिए। शैंपू से धोने के बाद बालों में कंडीशनर या हेयर सीरम जरूर लगाएं।

एडवाइस

डॉ. अविनाश कुमार

एचओडी-पीडियाट्रिक-पीएमसीएच, धनबाद

# बढ़ती गर्मी में ऐसे करें बच्चों की केयर

गर्मी के मौसम में जरा-सी लापरवाही बरतने पर बच्चे बीमार हो सकते हैं। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि आप उनके ड्रेसअप, डाइट और हाइड्रेशन का ध्यान रखें। यहां पर हम आपको दे रहे हैं इससे रिलेटेड बहुत ही यूजफुल सजेशंस।



गर्मी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। बढ़ते तापमान और इस चिलचिलाती गर्मी से हर कोई बेहाल है। बड़े तो फिर भी अपनी सुरक्षा और बचाव के लिए कुछ उपाय कर लेते हैं, लेकिन बच्चे अपना ध्यान नहीं रख पाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने बच्चों की प्रॉपर केयर करें।

**डाइट दें सही:** गर्मी के मौसम में बच्चों के खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। ध्यान रखें कि बच्चा ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में न्यूट्रिशस डाइट समय पर लेता रहे। बीच-बीच में घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छाछ, नारियल पानी या मौसमी फलों के रस भी उन्हें दे सकती हैं। नमक, चीनी, पानी और नीबू रस से बनी शिकंजी भी उन्हें पिलाएं। इस मौसम में बाजारू खाना न खुद खाएं और न बच्चों को खिलाएं क्योंकि दूषित भोजन खाने से फूड प्वॉइजनिंग होने का खतरा बना रहता है। इसलिए इससे परहेज करें।



**पहनाएं थिन ड्रेसेस:** इस सीजन में अपने बच्चों को लाइट कलर की कॉटन ड्रेसेस पहनाएं। ये ना केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि बच्चों के शरीर को हवादार भी रखते हैं। पसीने को भी ये कपड़े आसानी से सोखते हैं। सिंथेटिक फैब्रिक से बनी ड्रेसेस, शरीर से निकले पसीने को नहीं सोखती हैं और शरीर से देर तक पसीना चिपका रहता है। नतीजा घमौरियां निकल आती हैं।

**धूप से बचाएं:** इस मौसम में दिन के समय बच्चों को धूप में नहीं जाने दें। अगर बच्चा सुस्त दिखे तो उसका बॉडी टेंप्रेचर चेक करना चाहिए। अगर टेंप्रेचर ज्यादा लगे तो ठंडे पानी में कपड़े को भिगोकर तब तक उसके शरीर को पोंछें, जब तक कि शरीर का तापमान सामान्य ना हो जाए।

**डिहाइड्रेशन से बचाएं:** गर्मी के मौसम में शरीर बहुत तेजी से पसीने के रूप में तरल (पानी) बाहर निकालता है। इसकी वजह से रक्त गाढ़ा होने लगता है। ऐसी स्थिति में शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए अपने बच्चों को दिन भर थोड़ी-थोड़ी देर में तरल पदार्थ देती रहें। ठंडा पानी और ठंडे पेय आपके बच्चे को राहत प्रदान करेंगे, पानी की कमी को पूरा करेंगे और शरीर के तापमान को भी बहुत हद तक कम करने में मदद करेंगे। जूस, शरबत पिलाने से बच्चे को अतिरिक्त ऊर्जा भी मिलेगी।

**रोज नहलाएं:** गर्मियों में बच्चों को ठंडे पानी से रोज नहलाना चाहिए। नहलाने से दो फायदे होते हैं। एक तो उनके शरीर का तापमान कम होता है और दूसरा उनकी त्वचा भी साफ होती है। जिससे त्वचा के रोम छिद्र भी खुल जाते हैं। जो पसीने को शरीर से आराम से निकलने में मदद करते हैं।

**टेंप्रेचर रखें मेंटेन:** घर के भीतर टेंप्रेचर को कम रखने के लिए एसी या कूलर का यूज करें। लेकिन इनका जरूरत से ज्यादा प्रयोग भी हानिकारक हो सकता है, क्योंकि एक निश्चित तापमान से कम होने पर शारीरिक क्रियाएं बाधित होती हैं। छोटे बच्चों के लिए 27 डिग्री से कम का तापमान अच्छा नहीं माना जाता है। अगर बच्चे बाहर से आएं तो उन्हें तुरंत एसी या कूलर के सामने जाने से बचाना चाहिए।

**न हो पेट का संक्रमण:** गर्मी के मौसम में पेट के संक्रमण से बचाने के लिए बच्चों को ताजा, घर का बना पौष्टिक भोजन ही खिलाएं और शुद्ध जल पीने के लिए दें।

प्रस्तुति: अलका 'सोनी'

# 20 जून को योग दिवस की पायलट रिहर्सल सहित जिला स्तर पर योग मैराथन का होगा आयोजन

# इस बार एक 'पृथ्वी-एक स्वास्थ्य' के लिए योग थीम के साथ मनेगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, तैयारियां शुरू

■ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रातः 7 बजे से 8 तक योग प्रोटोकॉल अनुरूप योगाभ्यास किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आगामी 21 जून को एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के साथ 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा। योग दिवस के आयोजन के साथ योग मैराथन का भी आयोजन होगा और लोगों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। डीसी अभिषेक मीणा ने सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयुष विभाग के तत्वावधान में आयोजित वीसी के उपरांत विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने आयुष विभाग हरियाणा के एसीएस सुधीर राजपाल व महानिदेशक संजीव वर्मा के साथ जिले में आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी साझा की। डीसी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रातः 7 बजे से 8 तक योग प्रोटोकॉल अनुरूप योगाभ्यास किया जाएगा। वहीं खंड स्तर पर भी योग दिवस के उपलक्ष्य में योग कार्यक्रम का



रेवाड़ी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो :हरिभूमि

आयोजन किया जाएगा। 20 जून को प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक पायलट रिहर्सल सहित जिला प्रशासन की ओर से जिला स्तर पर योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्कूल, कॉलेज, गुरुकुल, विश्वविद्यालय, जन साधारण, योग संस्थान, पुलिस पर्सनल, एनसीसी कैडेट, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, स्कॉउट्स और गाइड्स हिस्सा लेंगे।

डीसी ने विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को प्रत्येक गांव और प्रत्येक घर तक योग पहुंचाने के लिए सभी सरपंच,पंच, नंबरदार और आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेल विभाग के खिलाड़ियों, योग विशेषज्ञो, सरकारी और निजी स्कूलों के छात्रों, डीपीई-पीटीआई तथा कॉलेजों व पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों को योग के लिए प्रेरित करें। पुलिस विभाग सुरक्षा और यातायात प्रबंधन तथा पुलिस कर्मियों की भागीदारी करें।

### इस शेड्यूल अनुसार किया जाएगा प्रशिक्षित

कार्यवाहक जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. बसंत सोनी ने बताया कि योग दिवस के आयोजन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी किया है, जिसमें आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों व आयुष योग सहायकों, योग समितियों के योग शिक्षकों तथा खेल विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 26 मई से 28 मई तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, पीटीआई व डीपीई को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का समय प्रातः 6 बजे से लेकर 7:30 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि 4 जून से 6 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण के तहत जिले के सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 12 जून से 14 जून तक जिला सहित खंड स्तर के प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, सरपंच, पंच अन्य निर्वाचित सदस्यों, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्कॉउट गाइड एवं इच्छुक जनसाधारण को स्टेडियम, खेल मैदान, व्यायामशाला या अन्य स्थानों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 16 जून से 18 जून तक जिला स्तर पर मंत्रियों, सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, निर्वाचित सदस्य, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्कॉउट गाइड, नेहरू युवा केंद्र स्टाफ एवं इच्छुक आमजन को योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण जिले के आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों व आयुष योग सहायकों, योग समितियों के योग शिक्षकों तथा खेल विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सुधराना में मृत अवस्था में मिला युवक का शव

**कोसली।** सुधराना गांव में रविवार को एक 34 वर्षीय व्यक्ति की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। मृतक सोमवीर के पिता रविन्द्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार को दोपहर 3 बजे उन्हें जानकारी मिली कि उनका लड़का सोमवीर उनके मकान के साथ खाली जगह पर पड़ा हुआ है। सूचना के बाद वह तथा उनका भाई जयसिंह मौके पर पहुंचे तो सोमवीर को अचेत अवस्था में पड़ा था। वह उसे कोसली अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने सोमवीर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत सामान्य कार्रवाई करते हुए मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**कोसली।** लुखी गांव के समीप हुई सड़क दुघर्टना को लेकर उच्चत गांव के एक व्यक्ति ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। हरिशचन्द्र ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि वह वीरवार को मोटरसाइकिल पर अपने भांजे सचिन के साथ झाड़ौदा जा रहे थे कि लुखी गांव से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से बाइक को साइड से टक्कर मार दी, जिससे सचिन को ज्यादा चोटें आई। उन्होंने सचिन को अस्पताल में दाखिल कराया।

### सड़क हादसे में किसान की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव डालनवास के समीप रात के खेतों की रखवाली के लिए जा रहे किसान को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उपचार के दौरान किसान की मौत हो गई है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# शानदार रहा लुखी स्कूल का परीक्षा परिणाम

■ कला संकाय में छात्रा मुस्कान ने 92 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़


रेवाड़ी। लुखी स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक।

शहीद धर्म सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुखी का कक्षा बारहवीं एवं दसवीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। विद्यालय में सोमवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी डा. राजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या उमा यादव ने की व संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीभगवान बव्वा ने किया। प्राचाया ने बताया कि विद्यालय से कक्षा बारहवी में 46 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसके सभी विद्यार्थी सम्मानजनक स्कोर के साथ सफल रहे। कला संकाय में छात्रा मुस्कान ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, खुशी बिसोहा ने 90 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा व कुमारी अंजलि ने 86 प्रतिशत अंक हासिल करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में कुमारी सुगंध ने 77.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अरुण कुमार ने 76.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा व लोकेश ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में कुमारी इप्शिता ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रागिनी ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा व कुमारी अंतिम ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या उमा यादव ने बेहतरीन परिणाम का श्रेय समस्त विद्यालय परिवार को दिया। उन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को अपने निजी कोष से एक हजार की राशि देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम निश्चित रूप से शानदार रहा है। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान प्रताप सिंह, राजपाल यादव, अमित सोलंकी, अंजूबाला, सुनील कुमार, कैलाश चंद, आशा यादव, सन्नी कुमार, प्रेरणा यादव, उमेद सिंह, सरोज यादव, मुकेश कोहारड़, लिपिक संजय शर्मा, सतीश यादव, अंशु यादव मुख्य शिक्षक, मनोज नठेड़ा, जितेन्द्र कुमार, मधु यादव, संजू , कुलदीप व कुलदीप सिंह मौजूद थे।



### एचपीएस बावल की खुशी व संजना ने दसवीं में किया टॉप


**बावल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में हिंदू पब्लिक स्कूल बावल ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय की छात्रा खुशी गांव खजूरी व संजना गांव सुठाना ने 95 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्रा प्राची ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के दो छात्रों ने स्कूल व बावल ब्लॉक टॉप किए जाने पर स्कूल में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, जिसमें 10 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज कराया व अन्य 23 छात्रों ने भी स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल चेयरमैन अधिवक्ता सिंहराम महलावत ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम का श्रेय अध्यापकों एवं बच्चों की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में सबसे पहले आपका लक्ष्य निर्धारित होना चाहिए। इस मौके पर सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

# रक्तदान एक पुण्य कार्य, इससे कई जिंदगियों को बचाया जा सकताः सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। कैंप में अतिथियों का सम्मान करते आयोजक।

भारत विकास परिषद, विवेकानंद शाखा और नेशनल मेडिकोस ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में डा. आरबी यादव अस्पताल में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी रमेश सचदेवा ने सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया और उनके नेक कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक पुण्य कार्य है और इससे कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। कैंप के आयोजन में नरेश कुमार, सुरेंद्र अरोड़ा, संजीव यादव, अतुल बत्रा, प्रशांत गुप्ता, राजेश जेलदार, राजेश ठेकेदार, हरिमोहन यादव, अनुकूल शर्मा, अरुण गुप्ता, डा. सुमन यादव, डा. पीसी सिंगला, डा. जितकेश व महिला संयोजिका नेहा शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कैंप में डा. आरबी यादव, डा. सुपरीक्षित यादव, डा. नीरज यादव, सीए निधि गौतम और डा. नवीन अदलखा मुख्य रूप से मौजूद थे।


रेवाड़ी। दसवीं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### बोहतवास अहीर स्कूल में मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

**रेवाड़ी।** राजकीय उच्च विद्यालय बोहतवास अहीर में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से घोषित दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में उत्तीर्ण छात्रों एवं अभिभावकों का माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। स्कूल प्रभारी संदीप कुमार व एसएमसी अध्यक्ष प्रमिला देवी सहित सभी शिक्षकों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# दसवीं बोर्ड परीक्षा में 97.82 रहा रामगढ़ भगवानपुर स्कूल का पास प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ भगवानपुर में सोमवार को एचबीएसई दसवीं में उत्कृष्ट रिजल्ट देने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के एसएमसी सदस्य, शिक्ष व ग्रामवासी मौजूद थे। दसवीं बोर्ड परीक्षा में मेरिट हासिल करने वाले 9 बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने बताया कि स्कूल के 46 विद्यार्थियों ने दसवीं की परीक्षा दी, जिसका उत्तीर्ण प्रतिशत 97.82 रहा। छात्रा सुहानी दहिया 93.80 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम, हनी 87.80 प्रतिशत के साथ द्वितीय व हिमानी 87.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य ने इस उत्कृष्ट परिणाम का श्रेय विद्यार्थियों, अभिभावकों व अध्यापकों की मेहनत को दिया। इस मौके पर हिंदी प्रवक्ता पूनम यादव, राजनीतिक विज्ञान प्रवक्ता नितेश कुमार सिंह, एईओ भूपेंद्र यादव व कला अध्यापिका विमलेश यादव सहित सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

# स्टेट लागोरी चैंपियनशिप में चरखी दादरी विजेता

■ चैंपियनशिप में 15 जिलों की टीमों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेता अतिथियों के साथ। फोटो :हरिभूमि

अपैक्स पब्लिक स्कूल पाल्हावास में छठी जूनियर हरियाणा स्टेट लागोरी चैंपियनशिप का समापन किया गया। लागोरी चैंपियनशिप का शुभारंभ डिप्टी डायरेक्टर ऑफ हरियाणा स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट एवं कॉमनवेल्थ गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट गौरव सोलंकी ने किया। असिस्टेंट शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर लागोरी एसोसिएशन हरियाणा के जनरल सेक्रेटरी जयवीर डूडी, ज्वाइंट सेक्रेटरी रविंद्र कुमार, स्कूल के एमडी शुभराम यादव एवं प्रिंसिपल कुशलपाल सिंह यादव, कोच मनोज यादव, दीपक, अरविंद, सुनील, मोहित, कपिल व आरती मौजूद थे। चैंपियनशिप में 15 जिलों की टीमों ने भाग लिया, जिसमें लड़कों के वर्ग में चरखी दादरी ने प्रथम, रेवाड़ी ने द्वितीय व पानीपत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही लड़कियों के वर्ग में चरखी दादरी प्रथम, गुरुग्राम द्वितीय व पलवल तीसरे स्थान पर रहा। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और नशे और मोबाइल से दूर रहने का आह्वान किया।

एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी पुलिस

# दुकानदार से बैग लूटने का प्रयास करने वाला एक और आरोपी काबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

*कोसली थाना पुलिस ने दुकानदार से बैग लूटने के प्रयास करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव पाल्हावास निवासी टिंकू के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सैनिक कॉलोनी कोसली निवासी आलोक गत 9 मई को देर शाम अपनी दुकान बंद करने के बाद बैग लेकर घर जा रहा था। दुकान से थोड़ा आगे चलते ही तीन युवक आ गए व युवकों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसका बैग छीनने का प्रयास किया। दुकानदार के शोर मचाने पर आसपास के दुकानदारों ने एक युवक आजाद सिंह को मौके पर ही काबू कर लिया, जबकि दो फरार होने में कामयाब हो गए। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी गांव गुरावड़ा निवासी आजाद सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने रविवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी टिंकू को भी काबू कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।*

## मेंटर्स शिल्पी, कंचन, ज्योति व कामिनी ने बच्चों को प्रशिक्षण दिया

# भार्गव युवा संघ के समर कैंप का शुभारंभ, 50 बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भार्गव युवा संघ की ओर से सीएसटी परिसर में 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम का सुपरविजन पूजा एवं रूपाली ने किया तथा पल्लवी, अंकिता, प्रतिक्षा, प्रिया, आंचल व नेहा ने सहयोग किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय भार्गव सभा के प्रधान अनिल भार्गव, जिला भार्गव सभा के प्रधान राजीव भार्गव, सचिव रितेश भार्गव, अखिल भारतीय भार्गव सभा के प्रधान सचिव दीपेश भार्गव व अखिल भारतीय भार्गव युवा संघ के उपाध्यक्ष सुमित भार्गव मौजूद थे। कार्यक्रम में भार्गव महिला सभा की अध्यक्ष अमिता भी उपस्थित रही। भार्गव युवा संघ के प्रधान चिराग भार्गव व सचिव प्रतीक भार्गव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने संघ के समर कैंप की सराहना की।


रेवाड़ी। समर कैंप में शुभारंभ पर भार्गव सभा की सदस्याएं व बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों ने भाग लेकर एकता का संदेश दिया

कैंप में भार्गव समाज के अलावा अन्य समाज के बच्चों ने भी भाग लेकर एकता का संदेश दिया। कैंप में 50 बच्चों का पंजीकरण हो चुका है। मेंटर्स शिल्पी, कंचन, ज्योति व कामिनी ने बच्चों को प्रशिक्षण दिया। कैंप में जिला भार्गव समाज की निपुण एवं प्रतिभाशाली महिलाएं डांस, कुकिंग, मेहंदी, जुम्बा, आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्राइंग, कर्सिव राइटिंग, पर्सनालिटी डेवलपमेंट तथा बिजनेस स्किल्स जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण देंगी। भार्गव युवा संघ के प्रधान, सचिव व कोषाध्यक्ष अक्षत भार्गव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मुकुल बने ह्यूमैनिटी स्कूल में दसवीं के टॉपर


रेवाड़ी। स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक।

**रेवाड़ी।** गांव भैरामपुर भडंगी स्थित ह्यूमैनिटी सीनियर सैकेंडरी स्कूल का कक्षा दसवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के 44 विद्यार्थियों में से 36 ने मेरिट में नाम दर्ज कराया तथा शेष आठ विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। छात्र मुकुल ने 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, खुशी ने 94 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा व पायल ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के संचालक, प्रिंसिपल भीम सिंह व स्टाफ सदस्यों ने सभी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### एक्यूआई को नियंत्रित के लिए काम करें विभाग

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि वायु प्रदूषण हम सबके लिए चिंता का विषय है, जिसका हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर ग्रेप नियमों की सख्ती से पालना करना बेहद जरूरी है। उन्होंने केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग यानि सीएक्यूएम की ओर से रेवाड़ी जिला सहित एनसीआर क्षेत्र में लागू किए गए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान यानि ग्रेप वन के तहत संबंधित विभागों को जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा सभी जिलावासी वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले उपायों में सक्रिय रूप से भागीदार बनें। डीसी मीणा ने कहा कि जिले में ग्रेप-वन की पाबंदी लागू हो गई हैं, जिसके लिए हमें प्रदूषण नियंत्रण उपायों को पूरी गंभीरता से अपनाना होगा।

### पीएचसी के बजट स्वीकृत होने पर जताया आभार

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव ने गांव लिलोढ़ और रतनथल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना करने के लिए 6 करोड़ 24 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किए जाने पर हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार व्यक्त किया है। विधायक अनिल यादव ने आज कहा कि गांव लिलोढ़ और रतनथल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने की ग्रामवासियों की पुरानी मांग थी।

### अवैध शराब बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। माडल टाउन थाना पुलिस टीम ने मोहल्ला उत्तम नगर निवासी आरोपी विजयपाल को 13 बोतल देशी शराब सहित काबू किया है। इसी प्रकार दूसरे मामले में थाना रामपुरा पुलिस टीम ने गांव बुढ़पुर निवासी अभिषेक राज को 11 बोतल देशी शराब सहित काबू किया है। पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र मीणा ने कहा कि जिले में पुलिस द्वारा गस्त पड़ताल बढ़ाई गई है, विशेष नाके लगाकर आने जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### चौपाल के पास जुआ खेलते 7 आरोपी धरे

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने जुआ खेलते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव आशियाकी गोरावास निवासी विजयपाल, जिले सिंह, सुरेश, रमेश, अजीत, यादराम व राकेश कुमार के रूप में हुई है। गत 18 मई को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव आशियाकी गोरावास में चौपाल के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके मौके से आरोपियों को काबू कर लिया।

### नांगल पठानी रेलवे स्टेशन पर व्यक्ति की मौत

**कोसली।** नांगल पठानी रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति की रविवार को हिसार से जयपुर जाने वाली गाड़ी संख्या 14715 से गिरकर मौत हो गई। चरखी दादरी जीआरपी चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार ने बताया कि पहचान के लिए मृतक के शव को 72 घंटे के लिए रेवाड़ी अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। करीब 40-42 वर्षीय मृतक ने टी शर्ट व नीले रंग की जींस पहनी हुई है।

### सट्टा खाईवाली करते दो आरोपियों को किया काबू

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाली करते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गोकल गेट चौकी पुलिस ने सट्टा खाईवाली करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला गोविन्दपुरा झज्जर रोड निवासी मंगल सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1750 रुपये बरामद किए है। गत 18 मई को पुलिस को सूचना मिली थी की मंगल सिंह गोयल मार्केट में सरेआम सट्टा खाईवाली का काम कर रहा है। आरोपी को काबू कर लिया।

---

### एसपी मीणा बोले-भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं, सभी जीरो टॉलरेंस पर नेक नियति व ईमानदारी से काम करें

# ईआरवी, पीसीआर और राइडर पर तैनात जवानों के सराहनीय कार्य करने पर 20 पुलिसकर्मी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सोमवार को पुलिस लाइन में जवानों की परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने परेड की सलामी ली तथा जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत जवानों ने शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए दौड़ लगाई। इस अवसर पर डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह व डीएसपी ट्रैफिक विनोद शंकर सहित सभी पुलिस अधिकारी मौजूद थे। परेड में जिले के सभी थाना प्रभारियों व चौकी इंचार्ज सहित पुलिस कार्यालय व जिल में तैनात जवानों ने हिस्सा लिया। एसपी ने परेड के दौरान डायल 112, पीसीआर, राइडर व अन्य वाहनों का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर एसपी ने सराहनीय कार्य करने वाले 20 पुलिसकर्मियों को प्रशंसा पत्र व नकद इनाम देकर सम्मानित किया।






रेवाड़ी। सराहनीय कार्य करने पर सम्मानित पुलिसकर्मी एसपी के साथ व राइडर्स को दिशा-निर्देश देते हुए एसपी हेमेंद्र मीणा। फोटो : हरिभूमि

#### इनको मिला सम्मान

मॉडल टाउन थाने से राइडर नंबर-3 पर तैनात सिपाही राहुल कुमार व एसपीओ जसवीर सिंह को चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को काबू करने पर प्रशंसा पत्र व नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया। थाना शहर की राइडर नंबर-6 पर तैनात सिपाही कदर व एसपीओ सतबीर को चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को काबू करने पर सम्मानित किया गया है। इसके अलावा सिपाही कदर को भी प्रशंसा पत्र व नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया है। ईआरवी नं 575 पर तैनात ईएसआई रामनिवास, सिपाही पवन व एसपीओ जयप्रकाश को अलग-अलग जगहों से दो चोरी की बाइक के साथ दो आरोपियों को काबू करने पर प्रशंसा पत्र व नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया। ईआरवी नंबर-585 पर तैनात ईएसआई सूरजभान, ईएचसी अशोक कुमार व एसपीओ राजबीर को चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को काबू करने, शहर थाने की राइडर नंबर-7 के सिपाही तिलकराज को राइडर ड्यूटी के दौरान वाहन चेकिंग में सराहनीय काम करने, ईआरवी नंबर-574 के ईएएसआई सुरेश कुमार, सिपाही पवन कुमार व एसपीओ मुकेश को वाहन चेकिंग में काम करने, थाना कसौला के सिपाही राजेश कुमार को बतौर मालखाना मोहर्रर थाने में सराहनीय काम करने, थाना कसौला के पीएसआई पंकज, ईएएसआई रामकिशन व चालक अजय को चोरी की बाइक के साथ आरोपी को काबू करने तथा लोकेन्द्र व एसपीओ बालकिशन को वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को काबू करने पर प्रशंसा पत्र व नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया।

#### अपराध पर अंकुश लगाने का हर संभव प्रयास करें: एसपी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने सभी ईआरवी, पीसीआर व राइडर पर तैनात जवानों को अपने-अपने एरिया में निरंतर गश्त करते हुए यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि दुश्चरित्र, असामाजिक व शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखे। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों, शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों, बुलेट पटाखा फोड़ने वालों, रात्रि के समय डीजे बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले व हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। एसपी ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी अपराध पर अंकुश लगाने का हर संभव प्रयास करें। अच्छा कार्य करने वाले प्रत्येक पुलिस कर्मी को सम्मानित किया जाएगा।

---

## खाद्य पदार्थों में मिलावट से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत कर्मशील कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निर्देशानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान टांकडी व सामाजिक संस्था भरत मुनि कला केंद्र की ओर से राजकीय हाई स्कूल टांकडी में खाद्य सुरक्षा व मिलावट पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा के सभी जिलों में खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता और कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षक तथा टांकडी आईटीआई से बीवाईसीओ श्याम सुंदर उपस्थित थे। सेमिनार में सभी छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। हेल्थ काउंसलर कुमारी तानिया ने सभी को खाद्य पदार्थ व्यर्थ न करने व भविष्य में खाद्य की बढ़ती मांग को देखते हुए खाद्य संरक्षण की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मिलावट न केवल खाद्य में कुछ अन्य पदार्थ का मिलना है, बल्कि खाद्य की गुणवत्ता का घटना है। खाद्य मिलावट से लोगों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर बुरा असर देखने को मिलता है। सेमिनार में विद्यार्थियों को ताजा फल व सब्जियां खाने की सलाह के साथ-साथ फास्ट फूड, जंक फूड व पैक्ड फूड से बचाव की सलाह दी गई।




रेवाड़ी। विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा की जानकारी देते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## एसडी स्कूल खोरी में दसवीं व बारहवीं में मेरिट में आने वाले विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंड

गांव खोरी स्थित एस डी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सोमवार को बोर्ड परीक्षा परिणाम में सफलता हासिल करने पर विद्यार्थियों और अभिभावकों का सम्मान किया गया। स्कूल संचालक जवाहर लाल ने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर स्कूल ने सफलता हासिल की है। स्कूल के विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत अंकों के साथ सफलता प्राप्त की। बारहवीं कक्षा के 23 में से 18 विद्यार्थियों तथा दसवीं कक्षा में 27 में से 25 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। 10वीं कक्षा में दीपिका ने 98 प्रतिशत, कशिश ने 97.60 प्रतिशत, निधि ने 95.40 प्रतिशत व देवेश कुमार ने 95.48 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 12वीं कक्षा में तनु ने 91.4 प्रतिशत, प्रतिभा ने 87.8 प्रतिशत व मुस्कान ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर बलबीर सिंह, जवाहर लाल दुहन प्रिंसिपल, दीपशिखा दुहन आदि मौजूद रहे।



रेवाड़ी। एसडी स्कूल में विद्यार्थियों का सम्मान करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### उपायुक्त ने सुनीं समस्याएं

## समाधान शिविर में ग्रीन बेल्ट में लगे पेड़-पौधों की देखरेख के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा सरकार जनसेवा की भावना के अनुरूप जनहितकारी निर्णय लेते हुए लोगों को लाभान्वित कर रही है। सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में डीसी अभिषेक मीणा ने एडीसी अनुपमा अंजलि व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लोगों की समस्याओं को सुनकर विभागों के अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान कर किया गया। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में पेयजल आपूर्ति, बिजली, अवैध कब्जा, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र व पेंशन आदि शिकायत आई।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते डीसी अभिषेक मीणा व एडीसी अनुपमा अंजलि।

## आईजीयू में इंटर्नशिप गाइडलाइंस को लेकर बैठक, विवि की सेल गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत संशोधित इंटर्नशिप गाइडलाइंस के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रो. पंकज कुमार त्यागी निदेशक इंटर्नशिप ने की। बैठक में डा. ऋतु बजाज इंटर्नशिप समन्वयक, विभिन्न विभागों के इंटर्नशिप प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। निदेशक प्रो. त्यागी ने बताया कि विश्वविद्यालय ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 4 क्रेडिट की अनिवार्य इंटर्नशिप को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया है, जिससे विद्यार्थियों को वास्तविक कार्य अनुभव प्राप्त होगा और वे व्यावसायिक रूप से अधिक सक्षम बनेंगे।बैठक में विभिन्न प्रकार के कार्यान्वयन बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें विश्वविद्यालय स्तर पर एक इंटर्नशिप सेल का गठन किया गया, जिसमें निदेशक समन्वयक तथा टीचर इंजार्ज शामिल हैं। इंटर्नशिप की अवधिः न्यूनतम 4 से 6 सप्ताह होगी। यदि कोई प्रशिक्षण या कौशल आधारित पाठ्यक्रम किसी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त संस्थान द्वारा संचालित हो और उसकी अवधि 120 घंटे या उससे अधिक हो।



रेवाड़ी। इंटर्नशिप गाइडलाइंस की बैठक में मौजूद प्रोफेसर। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### कापड़ीवास स्कूल में मेरिट में आने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**धारूहेड़ा।** पीएम श्री राजकीय माध्यमिक विद्यालय कापड़ीवास में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति यानि एसएमसी का पुनर्गठन किया गया। बैठक में विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी भाग लिया। प्राचार्य देशराज शर्मा ने अभिभावकों को विद्यालय प्रबंधन समिति के महत्व के बारे में बताया। बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के 20 सदस्यों का चयन किया गया, जिसमें अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुने गए। प्राचार्य ने सभी को विद्यालय के दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम से अवगत कराया। विद्यालय के 76 विद्यार्थियों ने दसवीं की परीक्षा दी, जिसमें सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। दो विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए तथा 13 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। 12वीं कक्षा में 143 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 142 विद्यार्थी पास हुए व 19 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। इस मौके पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच खजान सिंह, जलसिंह यादव व एसएमसी प्रधान ओम प्रकाश सहित विद्यालय स्टाफ, अभिभावक व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## आरबीएस स्कूल के २५ छात्रों ने 10वीं में मेरिट प्राप्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राव बहादुर सिंह वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने अच्छे अंक लेकर सफलता का परचम लहराया है।

स्कूल से 10वीं में 25 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की, जिसमें दीपिका ने 98.8 प्रतिशत, बरखा ने 97.8 प्रतिशत, रितिका ने 97.6 प्रतिशत, साक्षी ने 97.2 प्रतिशत, तनु प्रिया ने 96.2 प्रतिशत, प्राची ने 94.6 प्रतिशत व वासुनी ने 92.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। प्रधानाचार्या सुशीला यादव ने बताया कि दसवी कक्षा में 52 विद्यार्थियों में से 25 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज कराया। इस शानदार सफलता पर आरबीएस स्कूल के संचालक दीपक यादव ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा निदेशक शिव कृष्ण यादव ने विद्यार्थियों को मोमेंटों व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राध्यापिका मनीषा यादव, प्राध्यापक डा. अंकुर व पीटीआई नरेंद्र शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक फोटो : हरिभूमि

### बस स्टैंड पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## लोगों को छेड़छाड़ व बुलिंग से संबंधित कानूनी प्रावधानों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सोमवार को बस स्टैंड परिसर में सम्मान उसकी गरिमा का, छेड़छाड़ व बुलिंग के विरुद्ध अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को छेड़छाड़ व बुलिंग के नकारात्मक प्रभावों और उनके कानूनी परिणामों से अवगत कराना था, साथ ही समाज में आपसी सम्मान और लैंगिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देना भी इस पहल का मुख्य उद्देश्य रहा। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट ललिता भारती और पैरा-लीगल वॉलेंटियर अमृत ने किया। उन्होंने लोगों को छेड़छाड़ व बुलिंग से संबंधित कानूनी प्रावधानों, पीड़ितों के लिए उपलब्ध विधिक सहायता सेवाओं तथा सहायता प्राप्त के उपायों की जानकारी दी।



रेवाड़ी। बस स्टैंड पर जानकारी देते हुए एडवोकेट।

## अवैध हथियार रखने वालों पर शिकंजा, सात को धर दबोचा

- जिला पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों की धरपकड़ के लिए एक विशेष अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के नेतृत्व में जिला पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों की धरपकड़ के लिए एक विशेष अभियान चलाया हुआ है, जिसमें पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर रेड करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव जलियावास निवासी विनय, गांव पातुहेड़ा निवासी सतीश, खड्डा बस्ती मोहल्ला कुतुबपुर निवासी समीर खान, मोहल्ला संघी का बास निवासी राजकुमार उर्फ झोटा, गांव गोकलगढ़ निवासी राहुल, गांव मगंलेश्वर गुजरा की ढाणी निवासी देवेन्द्र उर्फ गुल्ला व मोहल्ला कुतुबपुर निवासी रितिक उर्फ रामपट्ट के रूप में हुई है। थाना कसोला पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में गांव जलियावास निवासी विनय व गांव पातुहेडा निवासी सतीश को गिरफ्तार किया है। गत 18 मई को पुलिस को सूचना मिली थी कि विनय के पास अवैध हथियार है तथा गांव की तरफ वाईकेके कंपनी के पास गली में खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को 1 अवैध देशी पिस्टल के साथ काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी विनय ने बताया कि उसे यह अवैध हथियार गांव पातुहेडा निवासी सतीश ने उपलब्ध कराया था। पुलिस ने सतीश को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरी घटना में गोकल गेट चौकी पुलिस ने अवैध देशी कट्टे के साथ खड्डा बस्ती मोहल्ला कुतुबपुर निवासी समीर खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि समीर खान टीपी स्कीम कॉलोनी के पास बाईपास रोड़ पर किसी के इंतजार में खड़ा हुआ है।







रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी विनय व सतीश व पुलिस गिरफ्त में आरोपी समीर खान व पुलिस गिरफ्त में आरोपी देवेन्द्र उर्फ गुल्ला।



रेवाड़ी। लोगों को फुले दंपत्ति का चित्र भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### गांधी नगर में लोगों को बड़े पर्दे पर दिखाई फुले फिल्म

**रेवाड़ी।** सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, नारी शिक्षा के जनक, समाज सुधारक, भारतीय विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक, क्रान्तिकारी व दलितों के मसीहा महात्मा ज्योतिबा फुले पर बनी फिल्म फुले का गांधी नगर में प्रोजेक्टर के माध्यम से बड़े पर्दे पर प्रसारण किया गया। अंतरराष्ट्रीय सैनी समाज संगठन के उपाध्यक्ष कंवर सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। फिल्म के समापन पर सुमन कुमार, हवासिंह बौद्ध और मनमोहित बामसेफ संगठन के अध्यक्ष ने फुले दंपत्ति की फोटो भेंट की गई। इस मौके पर रामेश्वर दयाल सैनी, नानकचंद भुराड़िया, श्रवण कुमार, चेतन सैनी एडवोकेट, विनोद सैनी, बिल्लु, नानक चंद सैनी, अशोक सैनी, हिमांशु सैनी, सुधीर सैनी, चंद्रवती सैनी, सोनिया सैनी, सुनीता गुप्ता, गीता गुप्ता, बबीता सैनी व पूनम भुराड़िया, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।